MPS-004

राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम (MPS)

सत्रीय कार्य 2026-27

(प्रथम वर्ष)

MPS-004: तुलनात्मक राजनीति: मुद्दे और प्रवृत्तियाँ

राजनीति विज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-68

एम.ए. (राजनीति विज्ञान)

मुख्य पाठ्यक्रम

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम निर्देशिका में बताया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य दिए गए हैं।

सत्रांत परीक्षा में बैठने की पात्रता के लिए आपको सभी सत्रीय कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करने होंगे। सत्रीय कार्य आरंभ करने से पहले कृपया कार्यक्रम निर्देशिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह आवश्यक है कि आप उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर संबंधित भाग के लिए निर्धारित शब्द-सीमा के आसपास होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपका लेखन कौशल सुधरेगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार होंगे।

इन सत्रीय कार्यों सहित सभी सत्रीय कार्य आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक के पास जमा किए जाने हैं। जमा किए गए सत्रीय कार्यों की रसीद अध्ययन केंद्र से अवश्य प्राप्त करें और उसे सुरक्षित रखें। यदि संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र को आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाने होंगे। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए प्रदत्त अंक दर्ज करेगा और उन्हें इग्नू, नई दिल्ली स्थित छात्र मूल्यांकन प्रभाग (SED) को भेजेगा।

जमा करना:

पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार जमा किए जाने चाहिए।

सत्र	**जमा करने की अंतिम तिथि**	**किसे जमा करें**
जुलाई 2026 सत्र के लिए **जनवरी 2027 सत्र के लिए**	**31 मार्च, 2027** **30 सितंबर, 2027**	**आपको आवंटित अध्ययन केंद्र के समन्वयक**

शुभकामनाओं सहित,

राजनीति विज्ञान संकाय

MPS-004: तुलनात्मक राजनीति: मुद्दे और प्रवृत्तियाँ
(शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड: MPS-004

सत्रीय कार्य कोड: MPS-004/ASST/TMA/2026-27

पूर्णांक: 100

नोट: प्रत्येक भाग से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

भाग – I

1. गेब्रियल आमंड के संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम (Structural-Functional Approach) का परीक्षण कीजिए।

2. राजनीतिक अर्थव्यवस्था (Political Economy) क्या है? वालरस्टीन के विश्व-व्यवस्था सिद्धांत (World Systems Theory) की चर्चा कीजिए।

3. राज्य की उत्पत्ति के सामाजिक समझौता (Social Contract), विकासवादी और मार्क्सवादी सिद्धांतों की तुलना कीजिए।

4. वैश्वीकरण, निजीकरण और स्थानीयकरण के युग में विकासशील राज्य में किस प्रकार परिवर्तन आया है?

5. निम्नलिखित पर लगभग 250-250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

क) लोकतांत्रिक सिद्धांत और व्यवहार के लिए नागरिक समाज (Civil Society) का महत्व

ख) राज्य की संप्रभुता पर वैश्वीकरण का प्रभाव

भाग – II

6. राज्य की प्रकृति, कार्यों और संप्रभुता पर क्षेत्रीय एकीकरण के प्रभाव की चर्चा कीजिए।

7. अंतरराष्ट्रीय संगठनों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का विवरण दीजिए और उन विभिन्न आधारों की व्याख्या कीजिए जिन पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों का वर्गीकरण किया जाता है।

8. संविधानवाद (Constitutionalism) के अर्थ और उत्पत्ति की चर्चा कीजिए, तथा ब्रिटिश और अमेरिकी प्रतिमानों की तुलना कीजिए।

9. द्विदलीय, बहुदलीय और एकदलीय व्यवस्थाओं की तुलना कीजिए तथा प्रभुत्वशाली दल व्यवस्था (Dominant-Party System) और एकदलीय व्यवस्था में अंतर स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित पर लगभग 250-250 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

क) राष्ट्रवाद को राष्ट्र, राज्य और राष्ट्र-राज्य जैसे संबंधित पदों से पृथक कीजिए।

ख) जेंडर और विकास के बीच संबंध